ACCREDITED BY NAAC WITH 'C' GRADE

सकलडीहा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज
SAKALDIHA POST GRADUATE COLLEGE

सकलडीहा, चन्दौली-२३२१०९ (उ०प्र०)
Sakaldiha, Chandauli-232109 (U.P.)
(सम्बद्ध: महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)
(Affiliated: Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth, Varanasi)
Email: spgcollege1965@gmail.com
sakaldihapgcollege@hotmail.com
URL: www.sakaldihapgcollege.org.in
Telephone & Fax No.: 05412-246111

पत्रांकः

दिनांक– 26/01/2019

मतदाता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम
(19-25 जनवरी, 2019)

आख्या (Report)

1. विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ''कोई मतदाता छूट न जाय'' विषय पर दिनांक 24 जनवरी, 2019 को निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नितेश मिश्र (बी0ए0 को प्रथम, पूनम यादव, बी0ए0–2 को द्वितीय एवं ऋषिदेव यादव, एम0ए0 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2. मतदाता जागरुकता दिवस दिनांक–25 जनवरी, 2019 को भाषण प्रतियोगिता का विषय ''मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ायें?'' था। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा सकलडीहा तहसील परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें आयुषी पाण्डेय ने प्रथम, अल्पना पाण्डेय ने द्वितीय एवं राहुल राजभर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

3. डॉ0 ए0 के0 उपाध्याय ने छात्र/छात्राओं को सम्बोधित कर जागरुक किया। प्राचार्य जी ने सभी को मतदान करने की शपथ दिलायी।

4. मतदाता जागरुकता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के रोवर्स/रेंजर्स तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवकों द्वारा जनजागरण रैली का आयोजन किया गया। जनजागरण रैली महाविद्यालय से तहसील परिसर, बाजार, सघन क्षेत्र होते हुए महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व मतदाता जागरुकता अधिकारी डॉ0 विजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक डॉ0 शमीम राईन एवं प्राचार्य डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

5. मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय में अनेक कार्यक्रमों के आयोजन के वीडियो, फोटो आदि को सम्बन्धित व्हाटस एप नं0 पर भेजा गया।

6. प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार 11 जनवरी, 2019 को प्रदान किया जाएगा।

7- कार्यक्रमों की तस्वीरें आदि सम्बन्धित व्हाट्स एप्प क्रमांक पर प्रेषित की गयीं।

दो प्रति प्राप्ति [illegible]
23-2-19

(signature) 27/01/2019
(डॉ० विजेन्द्र सिंह)
मतदाता जागरूकता अधिकारी

प्रतिलिपि– (i) प्राचार्य जी
(ii) संयोजक, IQAC

(signature)
27/01/2019